सत्यमेव जयते

# झारखण्ड गजट

## असाधारण अंक

### झारखण्ड सरकार द्वारा प्रकाशित

संख्या - 331 राँची, सोमवार, 25 ज्येष्ठ, 1948 (श०) / 15 जून, 2026 (ई०)

## राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग

---

अधिसूचना

15 जून, 2026

**संख्या-2 रा० स्था०- 40/09 - 1680(02)रा०, --**उपायुक्त, पलामू के पत्रांक-348/भू०अ०, दिनांक- 09.06.2026 द्वारा प्रतिवेदित श्री गणेश महतो, अनुमण्डल पदाधिकारी, छत्तरपुर, पलामू को उनके कार्यों के अतिरिक्त जिला-भू-अर्जन पदाधिकारी, पलामू का अतिरिक्त प्रभार प्रदान किये जाने के निमित्त श्री गणेश महतो, अनुमण्डल पदाधिकारी, छत्तरपुर, पलामू को उनके कार्यों के अतिरिक्त **जिला-भू-अर्जन पदाधिकारी, पलामू** के रूप में कार्य करने हेतु भू-अर्जन पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 ("The Right to Fair Compensation and Transparency in Land Acquisition Rehabilitation and Resettlement Act-2013") की धारा 3(g) के तहत समार्हता की शक्तियाँ प्रदत्त की जाती है।

शक्ति प्रदत्त पदाधिकारी जिला के समार्हता तथा राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड के निदेशों के आलोक में अपने कर्तव्य का निर्वहन करेंगे ।

उनके वर्तमान पदस्थापन अवधि तक के लिए शक्ति प्रदत्त की जाती है ।

झारखण्ड राज्यपाल के आदेश से,

**रामेश्वर लेयांगी,**
सरकार के संयुक्त सचिव

---

अधीक्षक, झारखण्ड राजकीय मुद्रणालय, राँची द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित,
झारखण्ड गजट (असाधारण) 331 - 50